**प्रेस विज्ञप्ति**
**9/9/2025**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), बेंगलुरु आंचलिक कार्यालय ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी में जनता को धोखा देने से संबंधित के सी वीरेंद्र और अन्य के मामले में पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत 06.09.2025 को चल्लेकेरे में तलाशी ली। तलाशी के दौरान, 21.43 किलोग्राम वजन के 24 कैरेट सोने के बुलियन, 10.985 किलोग्राम वजन के सोने से लेपित चांदी के 11 यूनिट और लगभग 1 किलोग्राम सोने के आभूषण जब्त किए गए, जिनका मूल्य लगभग 24 करोड़ रुपये है। इस जब्ती के बाद, इस मामले में अपराध से प्राप्त आय (पीओसी) की संचयी जब्ती आज की तारीख तक 100 करोड़ रुपये को पार कर गई है। इस मामले में तलाशियां और पीओसी पता लगाने का कार्य, मुख्य आरोपी चित्रदुर्ग जिले के विधायक के सी वीरेंद्र की ईडी हिरासत के दौरान किया गया है।

इससे पहले, 04.09.2025 को, ईडी बीजीजेडओ ने चार दिनों के लिए हिरासत विस्तार प्राप्त किया था। ईसीआईआर/बीजीजेडओ/19/2025 में अपराध की आय के सृजन और शोधन से जुड़े दस्तावेज़ी साक्ष्यों के आधार पर जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष न्यायालय द्वारा यह विस्तार प्रदान किया गया था, जिससे एजेंसी को उक्त मामले में अपनी जाँच जारी रखने की अनुमति मिली। आगे की जाँच से पता चला है कि आरोपी किंग567, राजा567, लायन567, प्ले567, प्लेविन567 आदि नामों से कई ऑनलाइन सट्टेबाजी साइटें चला रहा है। यह भी पता चला है कि इन वेबसाइटों के माध्यम से एकत्रित भुगतानों को रूट करने के लिए कई गेटवे का उपयोग किया गया है।

ईडी की जाँच से पता चला है कि केसी वीरेंद्र, उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों ने करोड़ों रुपये के कई अंतरराष्ट्रीय यात्रा टिकट बुक किए हैं, जिनका वित्तपोषण ऑनलाइन सट्टेबाजी वेबसाइटों से प्राप्त आय से जुड़े खच्चर खातों (म्यूल अकाउंट्स) के एक नेटवर्क के माध्यम से किया गया था। सबूत बताते हैं कि इन उच्च-मूल्य वाले लेन-देन के लिए इस्तेमाल की गई धनराशि को अवैध ऑनलाइन गतिविधियों से हटाकर, उनके स्रोत को छिपाने के लिए कई मध्यस्थ खातों के माध्यम से भेजा गया था।

ईडी ने खुलासा किया है कि के.सी. वीरेंद्र और उनके परिवार द्वारा कथित तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली कई महंगी लग्ज़री गाड़ियाँ अलग-अलग व्यक्तियों/संस्थाओं के नाम पर पंजीकृत हैं। इनमें से कुछ हैं - मर्सिडीज़-बेंज GLS 400 D 4MATIC, जिसका नंबर KA55P0003 है और जो अनिल गौड़ा की मेसर्स ए.बी.एच. इंफ्रास्ट्रक्चर्स के नाम पर पंजीकृत है, और एक रेंज रोवर, जिसका नंबर KA45N0003 है और जिसे फोनपैसा के गुलशन खट्टर ने वित्त पोषित किया है।

आगे की जाँच जारी है।

